Title: Need to provide financial assistance to the Government of Madhya Pradesh for construction of canal on the right side of Rani Awanti Bai Dam -Laid.

श्री रामानन्द सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में रानी अवन्ती बाई बांध (वरगी डैम) नर्मदा नदी पर बने हुए 20 र्वा से ज्यादा हो रहे हैं। किंतु इस बांध की दाई नहर का निर्माण ही अभी तक प्रारम्भ नहीं हुआ है। इस बांध की दाई नहर के पानी से विन्ध्य संभाग के सतना, पटना, रीवा जैसे बहुत कम सिंचाई वाले सूखा प्रभावित जिलों की सिंचाई प्रस्तावित है। इन जिलों का सिंचाई प्रतिशत मध्य प्रदेश में सबसे कम मात्र तीन प्रतिशत ही सरकारी रिकार्ड में है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि वरगी बांध की दाई नहर का निर्माण शीघ्र कराने हेतु केन्द्रीय सहायता ऋण मध्य प्रदेश को प्रदान कराने की कृपा करें।